# विकसित भारत के लिए खोला खजाना

## राज्यों को दी 26,863 करोड़ की पहली किस्त

**नई दिल्ली, 05 जुलाई. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रविवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा राज्यों को योजना के संचालन के लिए 25,863 करोड़ की पहली किस्त जारी की.**

चौहान ने कहा कि सरकार का संकल्प था कि 1 जुलाई, 2026 से



विकसित भारत जी राम जी पूरे देश में बिना किसी व्यवधान के लागू हो. मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि योजना पूरे देश में सफलतापूर्वक लागू हो चुकी है तथा मनरेगा से विकसित भारत जी राम जी में ट्रांजीशन पूरी तरह सहज और सुचारु रहा है. अब तक किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा संचालन संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है. उन्होंने कहा कि गरीब मजदूर भाई-बहनों की सेवा ही भगवान की सेवा है. सरकार का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक रोजगार, समय पर मजदूरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण सुनिश्चित करना है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी के अंतर्गत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है.

> केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि आज जारी की गई 25,863 करोड़ की पहली किस्त का उद्देश्य राज्यों को समय पर संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि श्रमिकों को 15 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे भी अपनी हिस्सेदारी की राशि समय पर जारी करें, जिससे मजदूरी भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकसित भारत-जी राम जी के प्रभावी क्रियान्वयन में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी.

## लॉरेंस गैंग के दो शूटर प्रवेश और हिमांशु का एनकाउंटर

**चंडीगढ़, 05 जुलाई.** हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में अपराधियों के खिलाफ बड़ी संयुक्त कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो कुख्यात शूटरों को मुठभेड़ में मार गिराया. यह कार्रवाई बालौर बाईपास इलाके में उस समय हुई जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं. दिल्ली स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके में घेराबंदी की. जैसे ही पुलिस टीम ने दोनों को रोकने की कोशिश की, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी.

# नबीन ने की चुनाव रणनीति पर चर्चा

**लखनऊ, 05 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को अपने उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की.**

आज सुबह आयोजित बैठक में श्री नवीन ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों से मुलाकात कर संगठन के अनुभवों, संगठनात्मक मजबूती और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया. बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने अपने अनुभव साझा किए.



### नितिन नबीन ने ब्रजेश पाठक के घर किया भोजन

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर हैं. शनिवार को उन्होंने भाजपा और सहयोगी दलों के नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों एवं संगठनात्मक रणनीति पर विस्तृत चर्चा की. रविवार को नितिन नबीन ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सरकारी आवास पर दोपहर का भोजन किया. इसके बाद वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष और प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ खाट (चारपाई) पर बैठकर आम का स्वाद लेते हुए आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर अनौपचारिक चर्चा करते नजर आए.

### एक नजर में

#### आर्मी ट्रक-एम्बुलेंस की भिड़ंत में 3 की मौत

**जयपुर, 05 जुलाई.** श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ में रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे नेशनल हाईवे-62 पर भीषण सड़क हादसा हो गया. जयपुर से डिस्चार्ज होकर घर लौट रही महिला मरीज को ले जा रही प्राइवेट एंबुलेंस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और सामने से आ रहे भारतीय सेना के एएलएस वाहन से भीषण टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्राइवेट एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई. इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में केंचियां कस्बे के पास हुआ. एंबुलेंस में सवार अंबिका सिटी श्रीगंगानगर निवासी लक्ष्मी देवी (26) पत्नी कृष्णलाल को जयपुर के अस्पताल से डिस्चार्ज करवाकर परिजन घर ले जा रहे थे.

#### कांगो में नाव डूबने से 20 लोगों की मौत

**किंशासा, 05 जुलाई.** मध्य कांगो में राज्य स्तरीय परीक्षाओं से छात्रों को वापस ले जा रही एक नाव के डूब जाने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी और 80 अन्य लोगों को बचा लिया गया. कासाई प्रांत के इलेबो क्षेत्र के प्रशासक फ्रैंकोइस काबुला ने यह जानकारी दी है. यह नाव और संकुरु तथा कसाई नदियों के संगम पर पहुंचते ही डूब गयी. इस नाव में 200 से ज्यादा लोग बैठे थे. इस मध्य अफ्रीकी देश में नाव के ऐसे जानलेवा हादसे आम बात हैं. इनकी मुख्य वजह देर रात की यात्रा और नावों में क्षमता से अधिक लोगों का सवार होना है. देश के सुदूर इलाकों में सुरक्षा के खराब मानकों और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण भी हाल के वर्षों में नाव दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं. हादसे में 80 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और 20 शव बरामद हुए हैं.

# पीओके में सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**600 गिरफ्तारियों से भड़का बड़ा जनआंदोलन**

**इस्लामाबाद, 05 जुलाई. पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हालिया घटनाक्रम ने पूरे क्षेत्र में राजनीतिक तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है. सरकार द्वारा कथित रूप से 600 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय जनता में भारी आक्रोश फैल गया है. कई शहरों और ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिनमें लोग पाकिस्तान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं.**



इस आंदोलन की अगुवाई कर रही संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी ने इस कार्रवाई को जनता की आवाज दबाने की कोशिश करार दिया है. संगठन का कहना है कि गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ता लंबे समय से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं, अधिकारों और संसाधनों की कमी के खिलाफ आवाज उठा रहे थे. स्थिति तब और बिगड़ गई जब प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर को नजरबंद कर दिया गया. इसके बाद आंदोलन और अधिक संगठित और उग्र हो गया. संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गिरफ्तार नेताओं को रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन और व्यापक रूप लेगा.

# चन्नी और राजा के विवाद में सिद्धू गुट की भी हुई एंट्री

**चंडीगढ़, 05 जुलाई. पंजाब कांग्रेस में जारी आंतरिक संघर्ष अब और गहराता जा रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बीच चल रही खींचतान में अब नवजोत सिंह सिद्धू गुट की भी सक्रिय एंट्री हो गई है, जिससे पार्टी के भीतर गुटबाजी और स्पष्ट रूप से सामने आ गई है.**

घटनाक्रम में सिद्धू खेमे से जुड़े पूर्व मंत्री रजिया सुल्ताना के पति और पूर्व डीजीपी मुहम्मद मुस्तफा ने प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग पर सीधा हमला बोलते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है. मुस्तफा ने न केवल वड़िंग के नेतृत्व पर सवाल



गुटबाजी तेज होने से इस्तीफे की मांग उठी

उठाए, बल्कि कांग्रेस हाईकमान की कार्यशैली पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि पार्टी को अब एक मजबूत और प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता है, जो संगठन को एकजुट कर सके. मुस्तफा के इस बयान के बाद पंजाब कांग्रेस के भीतर हलचल और तेज हो गई है.

# चाहूं तो एक बार में सबको निपटा दूं : डोनाल्ड ट्रम्प

**वाशिंगटन, 05 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसे सुनकर कोई भी चौंक जाए. डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के सभी बड़े नेता एक जगह इकट्ठे हैं. ये ऐसा वक्त है, जब अमेरिका चाए तो एक ही वार में सबको खत्म कर सकता है.**

डोनाल्ड ट्रंप ने एक्सियोस से बातचीत में ये बात कही. उन्होंने कहा- 'वे सब वहां हैं. एक गोली चला दी जाए तो सबको खत्म किया जा सकता है.' हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि



खामेनेई के मातम पर ट्रंप का बयान

अमेरिका ऐसा नहीं करेगा क्योंकि फिर बातचीत करने के लिए कोई नहीं बचेगा. आपको बता दें कि ईरान के पूर्व नेता खामेनेई की हत्या अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में हुई थी.

# ई20 पेट्रोल से इंजन को खतरा नहीं : विशेषज्ञ

**कोलकाता, 05 जुलाई. एथेनॉल मिश्रित ई20 पेट्रोल को लेकर चल रही आशंकाओं और अफवाहों के बीच विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि यह ईंधन आधुनिक वाहनों के लिए सुरक्षित है और भारत की ऊर्जा नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला कदम साबित हो सकता है. शनिवार को प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित विशेष परिचर्चा में तकनीकी और आर्थिक विशेषज्ञों ने इ20 के लाभों पर विस्तार से चर्चा की.**

परिचर्चा में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के ग्राहक सेवा महाप्रबंधक समीर रोहतगी ने कहा कि इ-20 पेट्रोल से वाहन के इंजन को नुकसान पहुंचने की आशंका निराधार है. उन्होंने बताया कि वाहन निर्माता कंपनियां अब नए मॉडलों को इसी ईंधन के अनुरूप विकसित कर रही



हैं और उपभोक्ताओं को कंपनी की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए.

इ-20 में 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण होता है. इससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने, कच्चे तेल के आयात में कमी लाने और विदेशी मुद्रा की बचत में मदद मिल सकती है. साथ ही यह ईंधन कार्बन उत्सर्जन घटाने में भी सहायक माना जाता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को बल मिलता है. परिचर्चा में यह भी कहा गया कि एथेनॉल उत्पादन बढ़ने से गन्ना, मक्का और अन्य कृषि उत्पादों की मांग बढ़ सकती है.

### आज का इतिहास

- **1885:** महान वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने रेबीज रोधी टीके का पहली बार इस्तेमाल किया.
- **1892:** दादा भाई नौरोजी ब्रिटेन की संसद में चुने जाने वाले प्रथम अश्वेत एवं भारतीय बने.
- **1901:** भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म.
- **1935:** तिब्बत समुदाय के 14 वें गुरू दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो का जन्म.
- **1944:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी को पहली बार 'राष्ट्रपिता' के संबोधन से पुकारा.
- **1946:** नीतिशास्त्र के महान दार्शनिक पीटर सिंगर का जन्म.
- **1947:** सोवियन संघ में एके-47 रायफलों का निर्माण शुरू.

# भाजपा सांसद के नाम पर साइबर ठगी का खेल

- फर्जी मैसेज से पैसे मांग रहे साइबर ठग
- संबित पात्रा ने दी सतर्क रहने की चेतावनी

**नई दिल्ली, 05 जुलाई. भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के नाम का दुरुपयोग कर साइबर ठगी का गंभीर मामला सामने आया है. कथित रूप से उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया गया है, जिसके बाद उनके संपर्कों और अन्य लोगों को फर्जी संदेश भेजे जा रहे हैं.**

इन संदेशों में विभिन्न बहानों से पैसों की मांग की जा रही है, जिससे कई लोग भ्रमित हो गए हैं और साइबर ठगों के जाल में फंसने का खतरा बढ़ गया है. घटना के सामने आने के बाद संबित पात्रा ने स्वयं लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि उनके नाम या नंबर से आने वाले किसी भी संदेश पर बिना पुष्टि के भरोसा न करें. उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके अकाउंट से भेजे जा रहे वित्तीय सहायता या धनराशि संबंधी अनुरोध पूरी तरह झूठे हैं और इनका उद्देश्य केवल लोगों को ठगना है. साइबर अपराधियों की यह रणनीति कोई नई नहीं है, लेकिन प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम और पहचान का दुरुपयोग कर वे तेजी से लोगों को निशाना बना रहे हैं. इस मामले में भी ठगों ने उनके व्हाट्सएप अकाउंट को हैक कर उनके परिचितों को संदेश भेजना शुरू कर दिया है, जिससे कई लोग असमंजस में हैं. ऐसे मामलों में सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि लोग भरोसे के आधार पर बिना जांच किए पैसे ट्रांसफर कर देते हैं.

> साइबर ठग अक्सर भावनात्मक या आपातकालीन स्थिति का हवाला देकर लोगों को जल्दी निर्णय लेने के लिए मजबूर करते हैं. संबित पात्रा ने अपील की है कि यदि किसी को उनके नाम से कोई संदिग्ध संदेश प्राप्त होता है, तो तुरंत उसकी पुष्टि करें और किसी भी प्रकार की वित्तीय जानकारी साझा न करें. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की सूचना संबंधित साइबर सुरक्षा एजेंसियों को दे दी गई है और जांच जारी है.




# जे एंड के बैंक में 60 लाख की धोखाधड़ी

- श्रीनगर के पांच लोगों पर आरोपपत्र दायर
- फर्जी दस्तावेजों से लिया गया था ऋण

**श्रीनगर, 05 जुलाई. जम्मू-कश्मीर में बैंकिंग धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर ने जेएंडके बैंक से जुड़े 60 लाख रुपये के लोन घोटाले में पांच लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है.**

यह मामला वर्ष 2019 की एफआईआर संख्या 05/2019 से संबंधित है, जिसमें आरोप है कि




फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से ऋण हासिल किया गया.

आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से नकली और जाली दस्तावेज तैयार किए और उन्हें बैंक के समक्ष प्रस्तुत कर ऋण स्वीकृत कराया. इस मामले में जिन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है, उनमें शेख सामीउल्लाह, अब्दुल अहद भट, गुलाम नबी बकाल, मुश्ताक अहमद सोफी और सरताज अहमद हकीम, सभी निवासी श्रीनगर शामिल हैं. आरोपपत्र को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर की अदालत में प्रस्तुत किया गया है. पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित वित्तीय धोखाधड़ी का मामला है.

## सरकार ने मेटा से 7 दिन में जवाब मांगा

**नई दिल्ली, 05 जुलाई.** केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए इंस्टाग्राम पर कथित बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री वाले विज्ञापनों के मामले में नोटिस जारी किया है. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कंपनी से सात दिनों के भीतर विस्तृत जवाब मांगा है और स्पष्ट किया है कि ऐसे सभी विज्ञापनों को तुरंत प्लेटफॉर्म से हटाया जाए। सरकार ने यह कदम एक हालिया रिपोर्ट के बाद उठाया है, जिसमें दावा किया गया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक पर कुछ पेड विज्ञापनों के जरिए बाल शोषण से जुड़ी सामग्री को प्रमोट किया जा रहा था।

### हस्तियों के ट्वीट



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि सिर्फ़ ठीक है नहीं। जो कोई भी अमेरिका से प्यार नहीं करता, वह गद्दार है और तिरस्कार के लायक है. जो लोग अमेरिका से प्यार नहीं करते, जो बेवफ़ा हैं, उन्हें तुरंत देश निकाला दे देना चाहिए।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अमेरिका निरंतर विकास की प्रक्रिया में है. हर पीढ़ी को पिछली पीढ़ी के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाना होता है—सही बातों की रक्षा करना, गलत बातों को सुधारना और अपने संघ को थोड़ा और परिपूर्ण बनाना.



# ओडिशा-मणिपुर में मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी

**भुबनेश्वर, 05 जुलाई. चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत ओडिशा और मणिपुर की मतदाता सूची का ड्राफ्ट रविवार को जारी कर दिया. पुनरीक्षण के दौरान दोनों राज्यों में लाखों नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं.**

जिन लोगों का नाम सूची में नहीं है, वे 5 जुलाई से 4 अगस्त तक दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. अंतिम मतदाता सूची 6 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी. ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एस. गोपालन ने बताया कि 20 मई को मतदाता सूची फ्रीज होने के समय राज्य में 3.33 करोड़ मतदाता थे. 30 मई से 28 जून तक चले विशेष पुनरीक्षण अभियान के बाद अब ड्राफ्ट मतदाता सूची में 3.13 करोड़ मतदाता हैं. इनमें 1.60 करोड़ पुरुष, 1.53 करोड़ महिलाएं और 2,775 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं.

## खरगे ने गायिका तीजन बाई के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली, 05 जुलाई.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोक कला, विशेषकर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है. खरगे ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट अपने शोक संदेश में कहा कि तीजन बाई के निधन से भारतीय लोक कला, खासकर छत्तीसगढ़ के संस्कृति जगत ने अपनी एक विलक्षण प्रतिभा को खो दिया है. उन्होंने अपने ओजस्वी गायन और अद्भुत प्रस्तुति के माध्यम से पंडवानी जैसी समृद्ध लोक परंपरा को देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई.

**मौसम** — उत्तर से पश्चिम तक बारिश का कहर, बाढ़-भूस्खलन से बढ़ी मुश्किलें

# 20 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली, 05 जुलाई. मानसून देश के सभी राज्यों में पहुंच चुका है. गुजरात में शुक्रवार रात और शनिवार सुबह तेज बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है. गुजरात के मेंडरडा इलाके में समधियाला गांव के पास बाढ़ के पानी में चार गाड़ियां फंस गईं, जिसमें से 19 लोगों का बचाया गया.**

महाराष्ट्र के भिवंडी में बाजार में करीब 3 फीट तक पानी भर गया. दुकानें बंद हो गईं. लोग कमर तक डूबकर सड़क पार कर रहे हैं. राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश के बाद सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के माइनर ओटी में पानी भर गया. यहां से मरीजों को



दूसरी जगह शिफ्ट किया गया. मध्य प्रदेश के भोपाल-इंदौर समेत 26 से ज्यादा जिलों में शुक्रवार को तेज बारिश हुई. उज्जैन में दो दिन पहले पुलिया पार करते समय बाइक समेत बहे पंचायत सहायक का शव भी बरामद हुआ है. उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश हुई. कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पानी भर गया. कारें-बाइक आधी डूब गईं.

### समंदर जैसे पानी पर दौड़ी वंदे भारत

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. कई इलाकों में कुछ ही घंटों में 200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे सड़कें और रेलवे ट्रैक जलमग्न हो गए. इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वंदे भारत एक्सप्रेस पानी से लबालब भरे रेलवे ट्रैक पर गुजरती दिखाई दे रही है.

# 65 हजार कर्मचारियों को मिली बड़ी राहत

- आयुध कर्मियों को नियमित सरकारी सेवा में मिली जगह
- प्रतिनिधिमंडल ने राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र से की मुलाकात

**नई दिल्ली, 05 जुलाई. भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) और देश भर से संबद्ध कर्मचारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 19 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से भेंट की और सरकारी कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और प्रशासनिक सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की.**

यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी. प्रतिनिधिमंडल ने सरकार की



कर्मचारी-केंद्रित पहलों विशेष रूप से लगभग 65,000 आयुध कारखाने के पूर्व कर्मचारियों को नियमित सरकारी सेवा में स्थानांतरित करने के निर्णय को सुविधाजनक बनाने के लिए मंत्री की सराहना की और इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया जिसने आयुध कारखाना बोर्ड के पुनर्गठन के बाद हजारों कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित किया है.

> प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ, भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ, सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ, सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ, एसएचएआर कर्मचारी ट्रेड यूनियन और अंतरिक्ष कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि शामिल थे. ये प्रतिनिधि देश भर में रक्षा प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों, वैज्ञानिक संस्थानों और अन्य केंद्रीय सरकारी सेवाओं के कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं. प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने संस्थागत संवाद के माध्यम से सेवा संबंधी मुद्दों को सरकार के समक्ष लाने में कर्मचारी संगठनों द्वारा निभाई गई रचनात्मक भूमिका की सराहना की.